दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्निवाल

दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग के प्री–प्राइमरी विंग ने रविवार 12 मार्च 2023 को अपना सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्निवाल बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक, शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएँ तथा प्राचार्य श्री यशपाल शर्मा व श्रीमती ज्योतिका शर्मा इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ।

इस वर्ष स्कूल ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 'ब्लूम ग्रो एंड ब्लॉसम' स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम की थीम थी। फिर शुरू हुआ सबसे बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक कार्यक्रम – टाइगर बू, क्वायर, एवरीथिंग एट वंस, चेयर डांस और भांगड़ा ।

साथ ही कार्निवल के मुख्य आकर्षण थे – बग्गी राइड, गेम जोन, आर्ट कॉर्नर, फूड स्टॉल, क्राफ्ट कॉर्नर, पॉटरी कॉर्नर, नेल आर्ट, टैटू, मेहंदी आर्ट और फेस पेंटिंग, रैम्प वॉक, डांस कॉर्नर, किड्स राइड्स, प्ले एरिया... जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने भाग लिया और सभी गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया। दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग में सभी के लिए यह वास्तव में मस्ती भरा दिन था।

प्री–प्राइमरी विंग विभाग की अकादमिक समन्वयिका सुश्री सादिया फारूकी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निवेदिता चक्रवती (इंचार्ज एक्टीविटी) ने किया ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन – नायरा शर्मा, दीवा सिंह, इनेश अग्रवाल, आराध्या जैकब, लाइनशा शर्मा, प्रेरक जैन, जश्न सिंह धुन्ना और हीर तोमर ने किया।

इस समस्त कार्यक्रम में हेडमास्टर एवं एकडेमिक कोडिनेटर उपस्थित रहे ।